



# वेंडर मॉल लोकार्पण कार्यक्रम का विधायक ने किया बहिष्कार

▶ कांग्रेस ने कुछ नहीं किया बयान पर भड़के राजन मंडलोई

**निवाली।** जिला मुख्यालय के झंडा चौक पर रविवार को 2.85 करोड़ रुपए की लागत से बने नवनिर्मित वेंडर मॉल (सब्जी मार्केट) का लोकार्पण कार्यक्रम सियासी ड्रामे की भेंट चढ़ गया। शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम पांडे ने मंच से पिछली कांग्रेस परिषद पर निशाना साधते ही कांग्रेस विधायक राजन मंडलोई भड़क गए। उन्होंने मंच पर ही आपत्ति जताई और समर्थक व पार्षदों के साथ कार्यक्रम का बहिष्कार कर चले गए।

इस दौरान दोनों दलों के नेताओं के बीच जमकर नोकझोंक व नारेबाजी हुई। कार्यक्रम में सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, कांग्रेस विधायक राजन मंडलोई, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल और नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान, नपा उपाध्यक्ष सुभाष भावसार, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि निक्कू चौहान सहित दोनों ही दलों के पार्षद और नेता मौजूद रहे। भाषण के दौरान विवाद की शुरुआत तब हुई जब भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम पांडे मंच से वर्तमान भाजपा परिषद की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कह दिया कि कांग्रेस की पिछली परिषदों ने शहर के लिए कुछ नहीं किया। इस बयान पर कांग्रेस विधायक राजन मंडलोई ने बीच में खड़े होकर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि यह सरकारी कार्यक्रम है, यहां इस तरह की घटिया राजनीति मत करो।



विधायक मंडलोई ने बाद में मीडिया से चर्चा में आरोप लगाया कि बड़वानी की पुरानी सब्जी मंडी को तोड़कर इस आधुनिक वेंडर मार्केट को बनाने का प्रस्ताव और इसकी पूरी टेंडर प्रक्रिया पिछली कांग्रेस परिषद के कार्यकाल में ही शुरू हुई थी। उन्होंने गरिमा की कमी का हवाला देते हुए कहा कि मंच का संचालन नगर पालिका का एक सप्लायर कर रहा था, जिसने निर्वाचित पार्षदों का नाम तक नहीं लिया।




जनप्रतिनिधियों के इसी अपमान और अभद्र भाषा के कारण उन्होंने कार्यक्रम का बहिष्कार किया।

राजनीतिक खींचतान के बीच यह हकीकत भी सामने आई कि इस प्रोजेक्ट को पूरा होने में तय समय से बहुत ज्यादा वक्त लगा। झंडा चौक वेंडर मॉल का काम मार्च 2023 में शुरू हुआ था, जिसे सितंबर 2024 तक पूरा होना था। इसके बाद काम लटकने के कारण जनवरी 2026 और फिर फरवरी की दो अन्य डेडलाइन भी बीत गई आखिरकार 3 डेडलाइन निकलने के बाद रविवार को लोकार्पण हो सका। मुख्य उद्देश्य सड़क पर ठेला लगाने वाले छोटे व्यापारियों को स्थाई व व्यवस्थित जगह देना है।

कांग्रेसियों के वॉकआउट के बाद भी भाजपा ने कार्यक्रम को जारी रखा। सांसद पटेल ने वेंडर मॉल की पट्टिका का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि रेहड़ी-ठेला और फल-सब्जी विक्रेताओं के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर यह स्थाई दुकानें बनाई हैं, जो लंबे समय से प्रतीक्षित थी। सांसद ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का हिस्सा बताते हुए कहा कि अमृत-2, स्वच्छ भारत मिशन और पेयजल पाइपलाइन जैसी बड़ी योजनाएं भाजपा सरकार की देन हैं और भाजपा सिर्फ बातें नहीं, बल्कि जमीन पर काम करती है।

### दोनों पक्षों के बीच वार-पलटवार

कांग्रेस विधायक राजन मंडलोई ने कहा कि हम शहर के विकास के इस उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे, लेकिन सरकारी मंच से अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना और पिछली परिषद को कोसना पूरी तरह गलत है। इस काम में सबका अपना योगदान रहा है, इसलिए भाजपा यह बताए कि उसने पिछले 3 साल में खुद क्या किया है।

## एक नजर में

### अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**बड़वानी।** शिव शक्ति भक्त मंडल बड़वानी के तत्वावधान में शनिवार को जिलेभर से 255 श्रद्धालुओं का जत्था बाबा अमरनाथ के पवित्र दर्शन के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बसों से इंदौर पहुंचे, जहां से वे रेल मार्ग द्वारा जम्मू के लिए रवाना हुए। आगे निर्धारित मार्ग से पवित्र अमरनाथ गुफा तक यात्रा करेंगे। रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों के साथ उत्साह और श्रद्धा के माहौल में यात्रा की शुरुआत की। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। शिव शक्ति भक्त मंडल के मिथुन यादव ने बताया कि इस वर्ष जिले से 1885 श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन कराया है। जिनमें से 1200 से अधिक श्रद्धालु अब तक बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। शनिवार को रवाना हुआ यह जत्था जिले का एक प्रमुख धार्मिक दल है। यात्रा का उद्देश्य वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ विश्व शांति, सुख-समृद्धि और सभी के कल्याण की कामना करना है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक समान वेशभूषा, आवश्यक चिकित्सा सामग्री एवं मेडिकल सुविधा की व्यवस्था की है। साथ ही यात्रा को सुरक्षित, अनुशासित और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए प्रभारियों की नियुक्ति भी की गई है। ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षित रूप से बाबा बर्फानी के दर्शन कर सके।

### गवली समाज ने किया आषाढ़ी माता पूजन

**सरदारपुर।** गवली समाज के द्वारा नगर की खुशहाली के लिए पूरे विधि विधान के साथ आषाढ़ी माता पूजन किया। इसमें समाज बुजुर्ग बच्चों के साथ युवाओं ने पूजन में भाग दिया। बारिश नहीं होने से किसानों में दिखी मायूसी। इसी को देखते हुए यादव समाज के द्वारा दोपहर 2 बजे पूरे विधि विधान से आषाढ़ी माता का पूजन किया। इसमें समाज के बच्चे युवा और बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। साथी बारिश होने की अच्छी कामनाएं की, जिससे किसानों को फायदा मिल सके और नगर में व्यापारियों को व्यापार में रौनक आएगी। जानकारी नवीन यादव ने दी।

### प्रवीण तोमर जिला अध्यक्ष नियुक्त



**धार।** जिला पत्रकार एसोसिएशन का गठन किया गया। इसके जिला अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण तोमर को नियुक्त किया गया है। साथ ही एसोसिएशन का पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) भी पूर्ण हो चुका है। एसोसिएशन द्वारा शीघ्र ही पत्रकारों की समस्याओं के समाधान, उनके हितों की रक्षा तथा पत्रकारों पर हो रहे हमलों एवं उनके विरुद्ध दर्ज होने वाले पुलिस प्रकरणों में भी एसोसिएशन पत्रकारों के साथ खड़ा रहेगा तथा हरसंभव सहयोग किया जाएगा। यह जानकारी संजय वाजपेई ने दी।

### भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष की कमान प्रज्ञा ठाकुर को



**धार।** भारतीय जनता पार्टी पहले मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने महिला मोर्चा के जिला अध्यक्षों की सूची जारी की है। इसमें प्रज्ञा ठाकुर को धार शहरी जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी है। ठाकुर इस जिम्मेदारी से पहले जिले की मोर्चा जिला मंत्री तथा महिला मोर्चा नगर महामंत्री के रूप में कार्य किया। नियुक्ति पर ठाकुर ने कहा कि पार्टी ने मुझे महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप है मैं पार्टी को भरोसा दिलाता हूं की महिलाओं के आत्मनिर्भर विकास एवं संगठन को मजबूत पार्टी के कार्यक्रमों को हर समाज की मातृशक्ति तक पहुंचाने का पूर्ण रूप से प्रयास करती हुई अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करूंगी। जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

### पर्यावरण ओर नशामुक्ति का संदेश किया पौधारोपण

**पेटलावद।** खजूरी स्थित आस्था के केंद्र प्रसिद्ध बीड़धाम मंदिर में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इसमें कई तरह के फलदार और औषधीय पौधे रोपे गए। आर्यावर्त पत्रकार संगठन के जिलाध्यक्ष हरीश राठौर के नेतृत्व और थांदला थाना प्रभारी के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम में मंदिर परिसर क्षेत्र में छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। मंदिर के पुजारी और ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि हर साल मंदिर परिसर में पौधे लगाकर उसे हरा-भरा रखा जाएगा इस अवसर पर थाना प्रभारी अशोक कनेश और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलीम शेरानी, मनोज पुरोहित मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। थाना प्रभारी कनेश ने कहा कि बीड़ धाम सिर्फ धार्मिक स्थल नहीं बल्कि समाज सुधार का केंद्र है यहां पुजारी द्वारा किया जा रहा नशा मुक्ति का काम पुलिस के लिए भी प्रेरणा है अगर युवा नशे से दूर रहेंगे तो अपराध अपने आप काम हो जाएगा आर्याव्रत पत्रकार संघ का यह पौधारोपण अभियान काबिले तारीफ है पुलिस प्रशासन ऐसे सामाजिक कार्यों में हमेशा सहयोग करेगा। कार्यक्रम में मोहन परमार, बीडमाता धाम के पुजारी कालियाजी, मोहन पडियार, पत्रकार और लायंस क्लब ग्रेटर के अध्यक्ष वीरेंद्र भट्ट, रमेशचंद सोलंकीकरडावद, उपाध्यक्ष विवेक व्यास, थांदला तहसील अध्यक्ष धीरज वाघेला, थांदला ग्रामीण तहसील अध्यक्ष उमेश पाटीदार, नीलिमा डाबी इमरान खान, पेटलावद तहसील अध्यक्ष अर्जुन ठाकुर, पीयूष राठौड़, राकेश डाबी, कोटवाल धूलेसिंह पारगी, बेलू बारिया, शाहिद खान, कुलदीप वर्मा, एडवोकेट निसार शेरानी, प्रियांश डाबी, मुकेश मईडा, निलेश बारीया, दिनेश पारगी और अन्य मौजूद रहे।

# विश्व गायत्री परिवार ने किया पुरस्कार वितरण समारोह



**बड़वानी, (नवभारत)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का शिक्षक सम्मान पारितोषिक वितरण समारोह गायत्री शक्ति पीठ बड़वानी के प्रज्ञा हाल में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसपी पद्मविलोचन शुक्ल, विशेष अतिथि शेखरचंद्र पाटनी, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य शासकीय कन्या महा विद्यालय कविता भदोरिया, प्रांतीय प्रतिनिधि महेंद्र भावसार, जिला समन्वयक विक्रम जमरे, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला संयोजक भगीरथ भाबर ने दीप प्रज्वलन, गुरु पुजन एवं गायत्री पुजन कर किया। ज्ञान परीक्षा समिति ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के जिले में प्राप्त स्थान विद्यार्थियो को नगद राशि प्रशस्ति-पत्र देकर अतिथियों ने उत्साहर्वधन किया। वहीं सहयोगी शिक्षकों का अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया। बड़वानी और पाटी तहसील का तहसील स्तर पर स्थान प्राप्त दोनों तहसील के 48 छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम संचालन राजीव सक्सेना, राजपाल तोमर ने किया।

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तीसरा चरण

**बड़वानी।** जिले के पशुपालन विभाग द्वारा 13 से 18 जुलाई तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण प्रारंभ चलाया जाएगा। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि अभियान में मैदानी अधिकारी, कर्मचारी, गौसेवक एवं मेत्रीगोसेवकों को जिला व विखं स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

विभागीय कार्यकर्ता पशुपालक से अभिवादन के बाद अपना परिचय देकर पशुपालन को लाभ का व्यवसाय कैसे बनाया जाए पर चर्चा करेंगे।

# खेत में बने कच्चे मकान से खाद की चोरी

**पानसेमल, (नवभारत)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम जलगोन के निकट खेत से खाद चोरी होने की घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बीती रात्रि की बताई जा रही है, जिसमें राहुल पाटिल के खेत से करीब 57 बोरी खाद चोरी हुआ है। जिसमें यूरिया के 30 बैग, पोटाश और अन्य खाद की बैग शामिल है।

जानकारी अनुसार अज्ञात बदमाशों ने कच्चे मकान में दरवाजों का ताला तोड़ा और खाद की बैग चोरी की है। सूचना के बाद





रविवार मौके पर प्रधान आरक्षक भीमसिंह रावत, आरक्षक अभिषेक रावत मौके पर पहुंचे व घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास खेत पड़ोसी एवं रहवासियों से चर्चा की। किसानों ने बताया कि इसके पूर्व भी खेतों से केबल चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन अभी तक चोरी किसने की इसका पता नहीं चल पाया है। चोरों को शीघ्र पकड़ने की मांग उपस्थित ग्रामीणों ने की है। चोरी हुए खाद की अनुमानित कीमत 70 हजार से अधिक बताई जा रही हैं।

### सेफ क्लिक 2.0 अभियान का समापन

**बड़वानी।** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान का समापन हुआ। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल की उपस्थिति में कस्बा



निवाली स्थित कस्तूरबा आश्रम एवं स्वराज स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को साइबर सुरक्षा, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव की विस्तृत जानकारी दी। 15 दिवसीय अभियान में पुलिस ने साइबर जागरूकता के नए आयाम स्थापित किए। 230 से अधिक साइबर जागरूकता कार्यक्रम किए। साइबर जागरूकता रथ से आमजनों को साइबर अपराधों से बचाव संबंधी जानकारी दी।

# आबकारी विभाग निष्क्रिय, ठेकेदार गंधवानी के गांवों में बिकवा रहा अवैध शराब

इकरार अली गंधवानी

**गंधवानी।** गंधवानी में शराब ठेकेदार के द्वारा गांव-गांव में वाहनों के माध्यम से अवैध शराब का सप्लाई किया जा रहा है। बिना रोक के अवैध शराब का कारोबार गंधवानी समेत आसपास के पूरे अंचल में हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक गंधवानी क्षेत्र में सुबह 5 बजे से लेकर देर शाम तक शराब का सप्लाई विभिन्न वाहनों के माध्यम से किया जाता है यह वाहन शराब दुकान के पीछे गोदाम में खड़े रहते हैं और दिनभर इसमें शराब भरकर आसपास के क्षेत्र में सप्लाई होती है गंधवानी विकासखंड के 69 ग्राम पंचायतों के गांव गांव तक ठेकेदार के नेटवर्क के माध्यम से शराब का परिवहन किया जा रहा है यह अवैध परिवहन जारी है इस पर ना पुलिस कार्रवाई कर रही है नाही आबकारी विभाग जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि



यह अवैध शराब धंधे को कहीं ना कहीं आबकारी विभाग और पुलिस सपोर्ट कर रहे हैं जिससे खुलेआम शराब का सप्लाई क्षेत्र में हो रहा है सुबह 5 बजे दर्जनों वाहनों से सप्लाई शुरू होता है जो गांव-गांव पहुंचकर शराब का वितरण करते ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं लेकिन इस पर अंकुश नहीं लगा पा रहे है।

**आबकारी विभाग कार्यालय के ताले नहीं खुलते:** अवैध शराब को रोकने का काम आबकारी विभाग का है लेकिन आबकारी विभाग के गंधवानी कार्यालय के ताले भी नहीं खुलते हैं जिससे यहां पर अवैध शराब का धंधा खूब फल फूल रहा है जिस पर कार्रवाई होनी चाहिए वरिष्ठ अधिकारी जरूर कह रहे हैं कि शराब पर कार्यवाही होगी लेकिन कब होगी यह तो समय ही बताएगा फिलहाल तो अवैध परिवहन शराब का खूब हो रहा है।

**लोगों ने ऑनलाइन शिकायत भी की है:** गंधवानी क्षेत्र में अवैध शराब को लेकर 181 और सीएम सहायता केंद्र पर भी कई लोगों ने आनलाइन माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है यहां पर लगातार लोग अवैध शराब बिक्री का विरोध कर रहे हैं लेकिन ठेकेदार कहीं ना कहीं अधिकारियों के सपोर्ट से दिन भर अवैध शराब का परिवहन कर रहे हैं जिसके वीडियो फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं।

### इनका कहना है

#### कार्रवाई के लिए दल भेज रहा हूं...

गंधवानी क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन और बिक्री के लिए में दल भेज रहा हूं कारवाई की जाएगी।- दीपक अवस्थी जिला आबकारी अधिकारी धार

#### ग्रामीणों से अवैध शराब सप्लाई की शिकायत मिली

गंधवानी क्षेत्र में ठेकेदार की अवैध शराब वाहनों के माध्यम से पूरे क्षेत्र में बिक रही है ये शिकायत ग्रामीणों से मिली है मैंने आबकारी और पुलिस दोनों से कार्रवाई के लिए कहा लेकिन कार्रवाई नहीं हो पा रही है जिससे अभी शराब परिवहन बंद नहीं हो रहा। मुकेश पाटीदार मंडल अध्यक्ष गंधवानी

### जानकी नगर में नवीन पेयजल पाइप लाइन की शुरुआत

**धार।** नगर पालिका परिषद धार के वार्ड 12 स्थित जानकीनगर में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु नवीन पेयजल पाइपलाइन के शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्रवासियों द्वारा धन्यवाद एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद टीना विपिन राठौर एवं नगर पालिका परिषद धार के मुख्य नगर पालिका अधिकारी केवी सिंह का पुष्पमालाओं से सम्मान कर नगर पालिका प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.वी. सिंह ने नागरिकों से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा नागरिक अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक यदि अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे तो नगर के विकास को नई दिशा मिल सकती है।

# नकबजनी करने वाली शातिर गैंग गिरफ्तार, 16 लाख रुपए का सोना-चांदी बरामद

## कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, 4 आरोपी पकड़ाए, एक की तलाश जारी

**आलीराजपुर।** उंडवा, खरखड़ी, कवठू और पुलिस लाइन बोरखड़ क्षेत्र में घरों की दीवार तोड़कर हुई नकबजनी की वारदातों का रविवार को कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने शातिर गैंग के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 16 लाख रुपये कीमत का सोने-चांदी का मशरूका जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में रतनसिंह बामनिया निवासी बड़ा उंडवा, करमसिंह, करमाबाई, छतरा डावर, मनीष कनेश और डुमसिंह बामनिया निवासी उंडवा ने दीवार खोदकर घर से चांदी के जेवर और नकदी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए एएसपी ज्योति उमठ बघेल



और एसडीओपी डॉ. शक्तिसिंह चौहान के निर्देशन में कोतवाली थाना प्रभारी सोनू सिटोले के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने उंडवा के अलावा खरखड़ी, कवठू और बोरखड़ में भी चोरी करना कबूला। आरोपियों में जितेन्द्र पिता अंतरसिंह चौहान, निवासी फाटा पटेल फलिया, थाना नानपुर, मोहन पिता वालसिंह चौहान, निवासी देहदला उंडली खोदरी फलिया, थाना जोबट, आयुष पिता राजू चौंगड़, निवासी भोरकुंडिया स्कूल फलिया, थाना राणापुर, हाल मुकाम कुक्षी, रमेश निवासी खुटाजा हैं। इनके एक अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पहले से भी जोबट, आलीराजपुर और कुक्षी थानों में हत्या, चोरी, नकबजनी, लूट और मारपीट के कई प्रकरण दर्ज हैं।

### सुनार भी पकड़ाया

चोरी का माल खरीदने के आरोप में पुलिस ने दिव्यांशु पिता मनोज सुनार निवासी हनुमानगंज जोबट, लक्की पिता सुरेन्द्र चौहान निवासी जोबट और प्रेम उर्फ अमीष गोराना निवासी जोबट को भी गिरफ्तार किया है। इनसे खरीदा हुआ माल भी जब्त किया गया है। आरोपियों से सोने की अंगूठी, चैन, टॉप्स, झुमकी, मंगलसूत्र, झेले, मोती और चांदी की तागड़ी, कंदोरे, रमझोल, पायजेब, कड़े, हाटके, ब्रेसलेट, चूड़ियां, करधनी, हार व हथसकले बरामद हुए हैं। जब्त मशरूके की कुल कीमत लगभग 16 लाख रुपये आंकी गईहै। अभीऔर माल फरार आरोपियों से जब्त किया जाना बाकी है। इस कार्रवाई में उनि सुनील रंदे, उनि कन्हैयालाल, सउनि अरुण राठौर, सउनि रामकुमार यादव, प्रआर सुनील डुडवे, दिनेश भवेल, सायबर सेल के प्रधान आरक्षक दिलीप सहित कोतवाली और सायबर सेल की टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# शिक्षा से ही मिलते हैं संस्कार और गौरव...

**नागदा (धार)।** शिक्षा आपको गौरव, संस्कार व आत्मनिर्भर बनाती है। यह समय सभी छात्र-छात्राओं के लिए बड़ा अनमोल है, इसको अच्छी शिक्षा से मूल्यवान बनाए। छात्र जीवन में अर्थ का उपार्जन नितांत आवश्यक है, जो विद्यार्थी इसे समझ ले उसे ऊंचाई प्राप्त करने से कोई रोक नहीं पाता। पढ़ाई के साथ-साथ प्रत्येक विद्यार्थी सम-सामायिक विषयों को भी समझे, वरना एक सैद्धांतिक शिक्षा तो प्राप्त कर लेगे लेकिन व्यवहारिक दृष्टिकोण में पीछे रह जायेंगे। कभी भी कठिनाईयों से हारे नहीं उसका हल निकाले व अच्छी संगति को अपने जीवन में बनाए, क्योंकि सर्वांगिण विकास में अच्छा परिवेश बहुत महत्वपूर्ण है किसी भी दबाव से हमेशा दूर रहे। छोटी-छोटी बातों का दबाव आपके भविष्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है। विद्यार्थी सकारात्मक सोच को महत्व दें।

उक्त बातें किराना व्यापारी संघ नागदा द्वारा सांदीपनि शा.उ.मा.वि. नागदा में आयोजित प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान एवं शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीओपी बदनावर अरविन्दसिंह तोमर ने छात्र-छात्राओं के बीच कही। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत



मुख्य अतिथि अरविन्दसिंह तोमर, अध्यक्षता कर रहे संघ अध्यक्ष राजेन्द्र बोकड़िया, विशेष अतिथि थाना प्रभारी कानवन रविन्द्र बारिया, जनपद सदस्य राजेन्द्रसिंह पटेल, पूर्व सरपंच गोरधनलाल राठौड़, प्रभारी प्राचार्य सरिता शर्मा, विधायक प्रतिनिधि नितिन सांखला द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर की। अतिथियों का स्वागत अशोक सोलंकी, मुफज्जल हुसैन बोहरा, सोहन चावड़ा, पुखराज कटारिया, घनश्याम राठौड़, रतन कुमावत, अंकित खिमेसरा, मोनिश खिमेसरा व व्यवसाईयों ने पुष्प माला पहनाकर किया।

किराना व्यापारी संघ द्वारा बोर्ड परीक्षा व कक्षा के प्रतिभावान विद्यार्थी कु. पायल सोलंकी, शुभम चैधरी, कु. वंदना चैधरी, सुमन नरवल, विवेक चैधरी, माही प्रजापत, मानसी सांखला, इमरान खान का अतिथियों द्वारा शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया। वहीं संघ द्वारा संस्था प्राचार्य का भी स्मृति चिन्ह भेंट कर छात्र-छात्राओं की अच्छी शिक्षा के लिए सम्मान किया। साथ ही संघ की ओर से संस्था में अध्ययनरत् करीब 1,000 से अधिक विद्यार्थीयों के लिए शिक्षण सामग्री का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेन्द्र बोकड़िया ने कहा कि सम्मान हमेशा प्रतिभा को निखारता हैं। ये सम्मान कल उन विद्यार्थी को भी प्रेरित करेगा जो आज सम्मान से वंचित है। वह विद्यार्थी आज से ही कड़ी मेहनत के साथ तैयारी करे ताकि आने वाले वर्ष वह भी सम्मान के हकदार बने।